प्राचिन कालखंडा पासुन ते आजपंत पुरूशप्रधान संस्कृती व संकुचित सामाजिक विचारधारामुळे महिलांच्या स्वातंत्र्यावर व राजकीय सक्रिय सहभागावार अनेक बंधने निर्माण झाली आहेत. या बंधनामुळेच महिला वर्ग आजपर्यंत दुर्बल राहिला आहे. पंचायतराज व्यवस्थेत, कुटुंबात आणि राष्ट्रीय पातळीवर प्रभाविपणे आपली छाप सोडु शकला नाही त्या कारणांची सविस्तर चर्चा करून त्यावर काही उपययोजना करणे हाच उद्देश या लेखनाभागचा आहे.

अंधश्रद्धा व वाईट प्रया परंपरा ही एक समस्या महिलांच्या सक्रिय राजकीय सहभागतील प्रमुख अडचण आहे. बालविवाह 'हुंडा' पद्धती, विधवा पुनर्विवाहस बंदी. पुजा–पाठ, उपवास अशा अनंक वाईट रुढी प्रथा–परंपरेत महिला अडकुन पडली आहे त्यामुळे तिला या समस्येतुन बाहुर पडुन सार्वजनिक जीवनात सहभागी होणे गरेजेचे आहे.

निरक्षरता व दारिद्रय एक प्रमुख समस्या महिलांना सक्रियपणे पंचायतराज व्यवथेत सहभागी होऊ देत नाही. भारतिय स्त्रियांमध्ये प्रचंड निरक्षरता आहे. निरक्षेतरेमुळे स्त्रियांना राजकिय प्रक्रियेचे ज्ञान मिळू शकत नाही. शिक्षणाच्या आभावाने, त्यांच्यामध्ये आत्मविश्वाची कमतरता व परावलंबित्व वाढते निरक्षरते मुळे त्यांच्यामध्ये स्वतंत्र जाब विचारण्याची क्षमता निर्माण होत नाही. निरक्षरतेमुळे राज्य घटना, विविध कायदे यांचे ज्ञान त्यांना प्राप्त होत नाही म्हणुन त्या प्रभावीपणे निर्णय प्रक्रियेत सहभागी होत नाहीत. निरक्षरतेबरोबर ग्रामिण, भागात दारिद्राचे प्रमाणही खुप मोठे आहे त्यामुळे जापर्यंत ग्रामिण कुटुंबांचा आर्थिक विकास होत नाही, तोपर्यंत महिला ग्रामिण राजकारणात सक्रियपणे सहभागी होणार नाहीत.

आर्थिक परावलंबित्व हे एक प्रमुख कारण स्त्रियांच्या सक्रिय राजकीय सहभागा समोर आहे. भारतात सेवा व उद्योग क्षेत्रात एकूण स्त्रियांच्या प्रमाणात त्यांचा सहभाग खुप कमी आहे. संपत्तीच्या अधिकारापासुन महिला वंचित आहेत शेती, उद्योग किंवा नोकरी या सर्वच ठिकाणी महिलांचे प्रमाण आल्प आहे त्यमुळे त्यांना आर्थिक दृष्ट्या पिता, पती किंवा भाऊ यांच्यावर अवलंबुन रहावे लागते. स्वतःचे उत्पनाचे साधन नसल्यामुळे ते स्वतः निवडणुकीत खर्च करु शकत नाहीत त्यामुळे त्यांच्या निर्णय प्रक्रियेतील सहभागावर अडचणी येतात.

स्त्रिया पंचायतराज व्यवस्थेत सक्रिय सहभागी होताना दिसुन येत नाहित त्याचे आणखी एक कारण म्हणजे आजच्या राजकारणातील वाढते गुनहेगारीकरण, निवडणुकांमध्ये होणारा काळ्या पैशाचा वापर , निवडणुकांमधील जातीय राजकारण हे होय, पंचायतराज व्यवस्थेतील निवडणुकांमध्ये माठ्याप्रमाणात पैसा, दारु, मटन व इतर वस्तु भेट देऊन मतदारांना वळविण्याचा प्रयत्न केला जातो आगोदरच आर्थिकदृष्ट्या परावलंबी असलेल्या महिला याबाबी पुरुषांकडुनच करवून घेतानां दिसुन येतात त्यामुळे परिणामी निवडणूकीनंतर पुढील कामकाजात पुरुषच सक्रिय होताना दिसुन येतात. म्हणुन जोपर्यंत निवडणुकांमध्ये पावित्र्य येत नाही तोपर्यंत महिलांच्या सक्रिय राजकीय सहभागावर प्रश्नचिन्हच आहे.

महिला पंचायतराज व्यवस्थेत सक्रीय सहभागी होण्याबाबातची आणखी एक प्रमुख अडचण म्हणजे समाजाचा महिला प्रतिनिधिकडे पाहण्याचा दृष्टीकोन किंवा समाजाची मानसिकता होय. राजकारणातील यशस्वी स्त्रियांकडे पाहण्याचा समाजाचा दृष्टीकोनही निकोप नाही. यशस्वी राज्यकर्त्या स्त्रियांकडे संशयित नजरेने पाहीले जाते. प्रसारमाध्यमे सतत याच्या शोधात असतात की कुठे या स्त्रीची तिच्या वैयक्तीक जीवनाची बातमी मिळते आली आपण त्याचे भांडवल करुन पैसा मिळवू या वृत्तीमुळे तसेच पुरुष राजकत्यांच्या बेशिस्तपणा, संसद व सभगहातील असभ्य वर्तन, घराणेशाही, बिल्ड़र लॉबी, संरजामशाही, गुंडगिरी यामूळे स्त्रियांचाही राजकारणाकडे पाहण्याचा दृष्टीकोण निरोगी नाही. त्यामुळे त्या राजकीय तज्ञ असल्या तरी देशाच्या राजकारणाला व ग्रामिण विकासाला वळण लावण्यात अयशस्वी ठरत आहेत.

महिलांचा राजकीय सहभाग वाढवा यासाठीची भारतीय संवीधानातील तरतुदीः

१) महिलांना कादद्यानुसार सर्व क्षेत्रात समान संधी (कलम १४)
२) कोणत्याही नागरिकास लिंग, जात, धर्म, जन्म ठिकाण किंवा इतर कोणत्याही कारणावरून भेदभाव करता येणार नाही. (कलम १५–(३))
३) सरकार महिला आणि बालकल्याण यासंबंधी कोणत्याही विशेष तरतूद करू शकते (कलम १५(३))
४) कोणत्याही शासकीय कार्यालयात नोकरी अथवा रोजगार यामध्ये देशातील सर्व नागरिकांना समान संधी दिली जाईल. (कलम – १६)
५) स्त्री पुरुषांना उदरनिर्वाहाचे साधन उपलब्ध करुन देताना सरकारने समानतेचे धोरण राबविले पाहिजे. समान काम–समान वेतन स्त्री–पुरुषांना दिले पाहिजे. (कलम ३६(क))
६) सर्वांना समान संधी आणि मुफ्त कायदेशीर मदत या तत्वावर आधारित कलेले कायदे. किंवा योजना यापासुन स्त्री अथवा पुरुष वचिंत राहणार नाहित (कलम ३६(१))

Late Babasaheb Deshmukh Gorhekar Mahavidyalaya, Umri Dist. Nanded
UMRI
Pin-431807
(Maharashtra)

आंतरराष्ट्रीय पातळीवारील काही प्रयत्न :

महिला विकास व महिलांचा राजकीय सहभाग वाढला पाहिजे या हेतुने आंतरराष्ट्रीय पातळीवर ही वेळोवेळी काही उपाययोजना करण्यात आलेल्या आहेत. त्याचा थोडक्यात आढावा पुढीलप्रमाणे घेता येतो–

१) डिसेंबर १९४८ मध्ये संयुक्त राष्ट्रसंघाच्या मानवाधिकार जहहिरनाम्यात महिला अधिकारांचा समावेश करण्यात आला. यात स्त्री–पुरुष यांच्यासाठी समान अधिकारांचा उल्लेख करण्यात आला आहे.
२) महिलांना राजकिय अधिकार मिळावा, राजकीय निर्णय प्रक्रियेत त्यांचा सहभाग वाढावा. यासाठी १९५२ मध्ये संयुक्त राष्ट्र संघातर्फे महिलांच्या राजकीय अधिकाराचा महात्वपुर्ण ठरावा पास करण्यात आला.
३) १९७५ हे आंतरराष्ट्रीय महिला वर्ष म्हणून संयुक्त राष्ट्र संघाने घोषीत केले. त्यानिमित्त एका आंतरराष्ट्रीय महिला परिषेदेचे आयोजनही केले.
४) १९७६ मध्ये युनोच्या अधिपात्यखाली महिलांसाठी एक अंतरराष्ट्रीय संशोधन आणि प्रशिक्षण संस्थेची स्थापना करण्यात आली. या संस्थेचे पुमुख कार्य म्हणजे महिलांशी निगडीत प्रश्नासंबंधी संशोधन करणे आणि त्याच्या सार्वजनिक जीवनातील सहभाग वढविण्यासाठी प्रशिक्षण देणे.
५) संयुक्त राष्ट्र संघाकडुन एका अंतरराष्ट्रीय महिला आयोगाची ही स्थापना करण्यात आली.
६) १९७९ मध्ये संयुक्त राष्ट्रसंघाकडुन एक महत्वपुर्ण ठराव संमत करण्यात आला तो म्हणजे महिलांविरुद्ध लिंगभेदावर आधारीत भेदभावाचे धारण नष्ट करण्यासंबंधीचा ठराव होय. या ठरावानुसर महिलांना राजकिय, आर्थिक, सांस्कृतीक व नागरी क्षेत्रात पुरुषांच्या बरोबरीने अधिकार मिळण्याची मागणी करण्यात आली.
७) १९९५ मध्ये चीनच्या बिजिंग शहरात आंतरराष्ट्रीय महिला परिषदेचे आयोजन करण्यात आले.
८) २००० मध्ये न्युयार्क येथे अंतरराष्ट्रीय महिला परिषदेचे आयोजन करण्यात आले.

अशा रितीने आंतरराष्ट्रीय पातळीवरही महिला सबलीकरण, महिला विकास किंवा महिलांचा राजकीय सहभाग वाढविण्याच्या दृष्टीकोणातुन वेळोवेळी वरिल प्रमाणे प्रयत्न झालेले दिसुन येतात.

पंचायतराज व्यवस्थेत महिलांचा सहभाग वाढविण्यासाठी उपाययोजना :

पंचायतराज व्यवस्थेत महिलांच्या सक्रिय राजकीय सहभाग वाढावा यासाठी काही ठोस पावले उचलावे लागतील.

१) कौटुंबिक पातळीवार पुरुषांनी महिलांना विविध निर्णय घेण्याचे स्वातंत्र्य महिलांना द्यावे.
२) मुलां मुली मध्ये भेदभाव न करता समान मानावे.
३) महिलांचा आत्मविश्वास व विविध कार्यातील सहभाग वाठविण्यासाठी महिलांना प्रोत्साहित करावे.
४) महिलांनी राजकारणत यावे यासाठी शालेय शिक्षणापासुन प्रयत्न व्हावेत.
५) स्त्रीयांच्या राजकीय सक्रियेतेसाठी पुरुष मानसिकतेत बदल होणे आवयक आहे.
६) राजकारणातील ,महिलांविषयी समाजाचा दृष्टीकोन बदलला पाहीजे.
७) महिलांना राजकीय प्रक्रियेत यशस्वी व्हायचे असेल तर पक्षरचना, पक्षसंघटना यात बदल व्हायला पाहिजेत.
८) महिलांनाही स्वताला ओळखुन अंधश्रद्धा, पुरुषप्रधान संस्कृती, सामाजिक गुलामगिरी यातुन बाहेर पडुन समाजाचा, देशाचा विचार करवा.

जोपर्यंत देशातील प्रत्येक व्यक्ती स्त्रीयांबद्दलचा दृष्टीकोन बदलणार नाही तोपर्यंत खऱ्या अर्थान महिलांचा पंचायतराज व्यवस्थेतील सक्रिय सहभाग वाढणार नाही किंबहुना एकूनच भारताच्या राजकारणात स्त्रियांचा सहभाग वाढणार नाही म्हणुन प्रथमतः सामाजिक दृष्टीकोन बदलला पाहीजे. पुरुषप्रधान मानसिकतेला तिलांजली देऊन स्त्री–पुरुष समानतेचे तत्व प्रामाणिकपणे जापर्यंत स्विकारले जाणार नाही तोपर्यंत महिलांचा सक्रिय राजकीय सहभाग वाढणार नाही हे निश्चीत. महिलांचा पंचायतराज व्यवस्थेत सक्रिय सहभाग वाढविण्यासाठी शालेय शिक्षणापासुन प्रयत्न आवश्यक आहेत. कुटुंबव्यवस्था व प्रसारमाध्यमांनी महिलांच्या राजकीय विकासावर अधिक लक्ष केंद्रीत करावे. महिलांना संधी मिळाली तर त्या संधीचे सोने करतील. महिलांचा राजकीय विकास हा सता संपत्ती, निर्णय प्रक्रियेतील सक्रियता यावर अवलंबुन आहे. स्त्रियांच्या सक्रिय राजकीय सहभागाशिवाय भारतासारख्या सर्वात मोठ्या लोकशाही राष्ट्रला महासत्तचे स्वप्न पूर्ण करता येणार नाही.

Late Babasaheb Deshmukh Gorthekar
UMRI
Dist. Nanded

संदर्भ

१) रणजित परदेशी, सुरेश पगारे, लोहियावाद समाजवाद आणि जाती स्त्री दास्य अंताची क्रांती, क्रांतीसिंह नाना पाटील अकादमी प्रकाशन.
२) बेडेकर दि. के., धर्माचिंतन, लोकवाङ्मम गृह मुंबई, २००२
३) गाडगीळ स. रा., लोकायत, लोकवाङमय गृह, मुंबई, २००२
४) द्विवेदी राकेश, महिला सशक्तीकरण, चुनेतियाँ, एव रणनितीयाँ, पुर्वाशा प्रकाशन, भोपाल, २००५
५) हिंगोले रेखा, स्त्री सक्षमीकरण आणि स्वंयसेवी संघटना, पी. एचडी. ग्रंथ.
६) तडखलकर नंदिनी, महिलांचे सबलीकरण आणि शेतकरी महिला आघाडीचे योगदान, निर्मल प्रकाशन, नांदेड.
७) लोकरज्य, मार्च २००८
८) समांजकल्याण योजना, महाराष्ट्र शासन, जुन १९९७

Principal
Late. Babasaheb Deshmukh
Gorthekar Arts, Commerce
& Science Mahavidyalaya,
Umri Dist. Nanded. (M.S.)

Impact Factor – 6.261

ISSN – 2348-7143

UMRI
Pin-431807
(Maharashtra)

INTERNATIONAL RESEARCH FELLOWS ASSOCIATION

RESEARCH JOURNEY

Multidisciplinary International E-Research Journal

PEER REFREED & INDEXED JOURNAL

January - 2019

SPECIAL ISSUE- 83

खण्ड - चार

समकालीन हिंदी कथा-साहित्य में विविध विमर्श

(दलित, पुरुष तथा अन्य विमर्श)

विशेषांक संपादक :

डॉ.सौ. सुरैय्या इसुफअली शेख

असोसिएट प्रोफेसर तथा शोध निर्देशक

अध्यक्षा, हिंदी विभाग,

मा.ह. महाडीक कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय,

मोडनिंब, तह. माढा, जि. सोलापुर, महाराष्ट्र-भारत.

अध्यक्षा, हिंदी अध्ययन मंडल, सोलापुर विश्वविद्यालय, सोलापुर

मुख्य संपादक :

डॉ. धनराज धनगर

This Journal is indexed in :

- UGC Approved Journal
- Scientific Journal Impact Factor (SJIF)
- Cosmoc Impact Factor (CIF)
- Global Impact Factor (GIF)
- International Impact Factor Services (IIFS)
- Indian Citation Index (ICI)
- Dictionary of Research Journal Index (DRJI)

SWATIDHAN PUBLICATIONS

35	मीरा कृत नाटक कंधे पर बैठा था शाप में स्त्री-विमर्श का एक नया वातायन सौ.विद्या चौगुले	128
36	सुरेंद्र वर्मा के नाटकों में अभिव्यक्त नारी विमर्श (सूर्य की अंतिम किरण से सूर्य की पहली किरण तक के विशेष संदर्भ में) डॉ.भारत खिलारे	132
37	स्त्री विमर्श : हिंदी सिनेमा लेफ्ट डॉ.अनिता शिंदे	138
38	सुशीला टाकभौरे की कविताओं में चित्रित नारी (तुमने उसे कब पहचाना के संदर्भ में) डॉ.सुनील बनसोडे	142
39	पर्यावरण के प्रति चिंता व्यक्त करता उपन्यास :अपना मन उपवन डॉ.एस.टी.मेरवाडे	143
40	संप्रदायिक कट्टरता और हिंदी उपन्यास साहित्य (मुन्नी मोबाईल उपन्यास के विशेष संदर्भ में) डॉ.जहीरुद्दीन र.पठान	147
41	शिवमूर्ति के कथा- साहित्य में चित्रित नारी समस्याएँ प्रा.संतोष बंडगर	153
42	मैत्रेयी पुष्पा के उपन्यासों के में चित्रित नारी किशन कोडगावे	159
43	समकालीन हिंदी कथा साहित्य में नारी विमर्श डॉ.बाळू हांडे	162
44	मैत्रेयी पुष्पा का उपन्यास 'चाक' नैन सिंह	165
45	२१ वीं सदी के प्रथम दशक के उपन्यासों में चित्रित दलित जीवन प्रा. सिद्धाराम पाटील	171
46	मोहन दास नैमिशराय की कहानी में दलित चेतना प्रा. जी. एम. पांडगळे	175
47	समकालीन कथा साहित्य में नारी विमर्श डॉ. विद्या शिंदे	177
48	समकालीन हिंदी काहानियों में दलित विमर्श डॉ. दत्ता साकोले	179
49	हिंदी साहित्य में दलित विमर्श प्रा. व्ही. एच. वाघमारे	182
50	राजेंद्र अवस्थी के कथा साहित्य में आदिवासी संस्कृती डॉ. नागरत्ना के.	185
51	मुस्लिम समाज की संघर्ष गाथा : 'झीनी झीनी बीनी चदरीया' माजीद पटेल	188

इस अंक के सभी अधिकार प्रकाशकने आरक्षित किये है। प्रकाशित आलेख पुन:प्रकाशित करने से पहले प्रकाशक एवं लेखक की संयुक्त लिखित अनुमती जरुरी है । प्रकाशित आलेखो में व्यक्त मंतव्य केवल लेखक के है, इन मंतव्य से संपादक और प्रकाशक सहमत हो, यह जरुरी नहीं है । आलेख के संदर्भ में उपस्थित कॉपीराईट (Originality of the papers) की जिम्मेवारी स्वयं लेखक की है ।

'RESEARCH JOURNEY' International Multidisciplinary E- Research Journal
Impact Factor - (SJIF) - 6.261, (CIF) - 3.452(2015), (GIF)-0.676 (2013)
Special Issue 83 (खण्ड- 4) : समकालीन हिंदी कथा- साहित्य में विविध विमर्श
UGC Approved Journal
ISSN : 2348-7143
January-2019

Late Babasaheb Deshmukh Gorthekar Mahavidyalaya UMRI Pin-431807 (Maharashtra) Vandeo

संप्रदायिक कट्टरता और हिंदी उपन्यास साहित्य
('मुन्नी मोबाइल' उपन्यास के विशेष संदर्भ में)

डॉ. ज़हीरुद्दिन र. पठान
अध्यक्ष, हिंदी विभाग
कै. बाबासाहेब देशमुख गोरठेकर महाविद्यालय,
उमरी. ज़ि. नांदेड

प्रिय भारत देश, जो कभी 'सोने की चिड़िया' कहलाता था। यह वही देश है, जिसकी प्रशंसा में कभी कवि इक़बाल ने -**'सारे जहाँ से अच्छा हिंदोस्ताँ हमारा'** तराना लिखा था। आज वही भारत देश गरीबी, भूखमरी, महँगाई, बेकारी, अज्ञान एवं अंधविश्वास, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं, किसानों तथा अन्य पिछड़ी जातियों का शोषण, रिश्वतखोरी, घपले एवं घोटाले, राजनीति का अपराधीकरण, जातिवाद, संप्रदायवाद, नक्सलवाद, आतंकवाद, भाषावाद, प्रांतवाद, पूँजीवाद जैसी अनगिनत समस्याओं से लगातार जूझ रहा है। 'हर नागरिक को समान अवसर मिलना चाहिए।' इस संवैधानिक अधिकार के बावजूद विशेष व्यक्ति, जाति और समूह को ही सारी सुविधाएँ प्राप्त हैं और देश के पिछड़े वर्ग- एस.सी., एस.टी., ओ.बी.सी., आदिवासी और मुसलमान- को रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मुलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी आज़ादी के बाद से लेकर आज तक निरंतर संघर्ष करना पड़ रहा है। विशेषतः देश के अल्पसंख्यक मुस्लीम समाज की स्तिथि अत्यंत चिंताजनक है। मुस्लीम समाज की एक बड़ी आबादी गरीबी, दरिद्रता, अशिक्षा और अभावों में जीवन जीने को विवश है। महासत्ता बनने का सपना देखने वाले देश यह तस्वीर निश्चित ही निराशाजनक है।

सरकारी सरपरस्ती में सांप्रदायिक ताकतों को बढ़ावा देना, विकास करने की बजाए हमेशा उन्हें सांप्रदायिकता के नाम पर डर और ख़ौफ के माहौल में रखना, वोट बँक के तौर पर इस्तेमाल करना अब भारतीय मुसलमानों का मुकद्दर बन गया है। हालाँकि आज़ाद भारत में मुसलमानों ने हमेशा धर्मनिरपेक्ष ताकतों का साथ दिया, हमेशा स्वतंत्रता, समता, बंधुता और न्याय का पक्ष लिया, देश की उन्नति में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। किंतु उसके साथ हमेशा अन्याय किया जाता रहा, उसे मुख्य प्रवाह से जान-बूझकर दूर रखा गया और सांप्रदायिकता की आग में उसे बार-बार झोंका गया। यहाँ तक कि बाबरी मस्जिद की शहादत भी धर्मनिरपेक्ष सरकार की ही देन है, जिसने देश में सदियों से चली आ रही सांप्रदायिक सौहार्द की भावना को तार-तार करने के साथ ही देश के मुसलमानों में हमेशा के लिए डर, अविश्वास और ख़ौफ की भावना को भर दिया। पिछले दो दशकों से भारतीय मुसलमानों के साथ षडयंत्र पर षडयंत्र किए जा रहे हैं, जिसमें उन्हें आतंकवादी करार देकर निरपराध युवकों कों गिरफ्तार किया जा रहा है। तीन तलाक के नाम पर मुस्लीम पर्सनल लॉ बोर्ड को खत्म करने की साजिश, वक्फ बोर्ड की संपत्तियों की सामूहिक लूट, कभी गौरक्षा के नाम पर, कभी लव जिहाद के नाम पर तो कभी राम मंदिर के नाम पर निर्दोषों का कत्लेआम, फर्जी इन्काउन्टर, केवल संदेह के आधार पर जेल में ठूँसना, बगैर मुकदमा चलाए बरसों हिरासत में रखना, मुकदमे की प्रक्रिया में जान-बूझकर देरी करना आदि सामाजिक न्याय की कोशिशों का गला घोंटने और न्याय के नाम पर अन्याय के बेहतरीन उदाहरण हैं। इसके विपरीत नरेंद्र दाभोळकर, गोविंद पानसरे, कलबुर्गी, रोहित वेमुला,

समारोह के अध्यक्ष 'बहुवचन' पत्रिका के संपादक प्रोफेसर राजेंद्र कुमार जी ने उपन्यास के विषय में कहा, "भूमंडलीकरण समाज को जोड़ता नहीं, बल्कि बाँटता है-एक नहीं होने देता। सांप्रदायिकता भी यही काम करती है। इन दोनों संदर्भों में प्रदीप सौरभ का उपन्यास मुन्नी मोबाइल काफी अहम है। यह उपन्यास सांप्रदायिकता और भूमंडलीकरण, दोनों के ख़तरों से लोगों को आगाह करता है।"[१] इस अवसर पर प्रदीप सौरभ जी ने भी अपनी तरफ से उपन्यास के बारे में बताया, "गुजरात में रहते हुए उन्होंने जो रिपोर्टिंग की और उस दौरान उन्हें जो सच दिखाई दिया, उसी अनुभव को उन्होंने पन्नों पर उकेर दिया।"[२]

'मुन्नी मोबाइल' उपन्यास का मुख्य चरित्र आनंद भारती है, जो वरिष्ठ पत्रकार हैं। यह उपन्यास डायरी और रिपोर्टिंग शैली में लिखा गया है। उपन्यास दिल्ली और उसके आसपास के तेज़ी से विकसित होते एन. सी. आर. (गुड़गाँव, नोएडा और आसपास का इलाका), गुजरात और युरोप की पृष्ठभूमि में लिखा गया है। इस उपन्यास में एक साथ कई कथाएँ हैं।

'मुन्नी मोबाइल' उपन्यास की मुख्य कथा सन् २००२ में हुए गोधरा कांड और उसके बाद सारे गुजरात में बड़े ही नियोजित ढंग से, सरकारी देख-रेख में संपन्न मुसलमानों के भयंकर तथा अमानवीय कत्लेआम की दिल दहला देने वाली दास्ताँ है। गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी की छत्रछाया में और गुजरात पुलिस के सहयोग से दंगाईयों ने इस पूरे हत्याकांड को अंजाम दिया। आनंद भारती इसके चश्मदीद गवाह हैं। 'संघ परिवार ने गुजरात को हिंदुत्व की प्रयोगशाला बनाया था। हिंदुस्तान को हिंदू राष्ट्र कैसे बनाया जाये, वह इसका प्रयोग गुजरात में कर रहे था। इस प्रयोगशाला के मुख्य वैज्ञानिकों में मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी और विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय महासचिव प्रविण तोगड़िया थे। तात्कालिक रणनीति के तहत गोधरा से गांधी नगर पहुँचने की योजना बनाई जा रही थी। दिल्ली फिलहाल दूर थी।'[३] और आख़िर सन् २०१४ में दिल्ली पहुँच ही गए।

प्रदीप जी ने उपन्यास की दूसरी प्रमुख कथा- जो गुजरात नरसंहार की पृष्ठभूमि में लिखी गई है, - का प्रारंभ सन् २००२ के फरवरी में गुजरात में हुए 'गोधरा कांड' से किया है। गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर सभी भगवा आंतकवादियों ने गुजरात में हुए मुस्लीमों के नरसंहार को 'गोधरा कांड' की प्रतिक्रिया कहा। अयोध्या में कारसेवा कर २७ फरवरी २००२ को साबरमती एक्सप्रेस से अहमदाबाद लौट रहे कारसेवकों के कोच एस-६ को कुछ बदमाशों ने आग लगा दी, जिसमें लगभग ५८ लोगों की जलकर मौत हो गई। आग लगने के और भी कारण बताए गए। इसकी जाँच कर रहे जस्टीस बॅनर्जी और जस्टीस नानावटी ने अलग-अलग कारण दिए। किंतु हिंदू ब्रिगेड का मानना है कि आग मुसलमानों ने लगाई। इसी गोधरा ने देश की राजनीति में तीव्र ध्रुवीकरण किया। वैसे ध्रुवीकरण की नींव तो ६ दिसम्बर १९९२ को ही पड़ गई थी, जिस दिन भगवा ब्रिगेड ने बाबरी मस्जिद को ध्वस्त कर दिया था।

प्रदीप सौरभ जी ने बाबरी मस्जिद के ध्वंस और उसके पीछे के हिंदू ब्रिगेड के षडयंत्र एवं ज़हरीली सोच की पूरी कहानी को अपने इस उपन्यास में साफ-साफ बयान कर दिया है, न कोई लुकाव और न कोई छिपाव। प्रदीप जी के शब्दों में, 'अयोध्या में सिर्फ एक ही नारा था-बाबरी मस्जिद को एक धक्का और दो। हिंदू बवालियों का मानना था कि बाबरी मस्जिद जिस प्लॉट में थी उसी में उनके भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। हिंदू इस ज़मीन पर रामलला का भव्य मंदिर बनवाना चाहते हैं। उनकी आस्था का सवाल था। ऐसी आस्था जो तर्कों से परे थी। उसके लिए ज़रूरी था कि बाबरी का ध्वंस किया जाये। पुलिस की सुरक्षा और

Late Babasaheb Deshmukh Mahavidyalaya, Umri Dist. Nanded Pin-431809 Maharashtra

संरक्षण में बाबरी का ध्वंस हुआ।'[४] और यह सब दुनिया के सबसे बड़े धर्मनिरपेक्ष एवं लोकतांत्रिक होने का ढिंढोरा पीटने वाले देश में संपन्न हुआ, जिसे पूरी दुनिया ने खुली आँखों से देखा।

बाबरी मस्जिद के ध्वंस की पटकथा पहले ही लिखी जा चुकी थी, जिसके लिखने वालों में लालकृष्ण अडवाणी, उमा भारती, मुरली मनोहर जोशी. आदि प्रमुख थे। लालकृष्ण आडवाणी दो साल पहले रामजन्म भूमि पर मंदिर निर्माण के लिए सोमनाथ से अयोध्या तक 'संकल्प यात्रा' (वास्तव में 'दंगा यात्रा') निकाल चुके थे। मंदिर तो नहीं बना, किंतु हाशिए पर पड़ी भारतीय जनता पार्टी को हिंदुओं का समर्थन मिलता गया। भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी भगवा संगठन भगवान राम के नाम पर आज़ादी के बाद देश को पहली बार सांप्रदायिक धरातल पर बाँटने में सफल हो गए। भगवान राम के कंधों पर चढ़कर भारतीय जनता पार्टी दिल्ली पहुँचने में कामयाब हो गई। १९९६ में तेरह दिन की और १९९८ में तेरह महिनों की सरकार बनीं। १९९९ में बीस-बाईस छोटे मोटे दलों की खिचड़ी पका कर अटल विहारी वाजपेयी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन गए। और पार्टी भगवान राम को भूल गई। उन्हें अभी तक अपने भव्य मंदिर का इंतज़ार है।

सन् २००२ में हुए 'गोधरा कांड' के वक़्त गुजरात में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी और केंद्र में भी। विधान सभा के चुनाव करीब थे और अंदरूनी सर्वे के अनुसार पार्टी बुरी तरह हार रही थी। ऐसे में केशुभाई पटेल को हटाकर नरेंद्र मोदी को गुजरात का मुख्यमंत्री बनाया गया। गोधरा कांड के वक़्त मुख्यमंत्री बने मोदी छः महीने ही हुए थे। मोदी ने इस गोधरा कांड का पूरा-पूरा लाभ उठाया और लाशों पर राजनीति की रणनीति बनाई। प्रदीप जी के शब्दों में, 'उन्होंने गोधरा में मृतकों का पोस्टमार्टम कराने की बजाय लाशों को अहमदाबाद ले जाने का फैसला किया। यदि मोदी यह फैसला नहीं करते तो सैंकडों लोगों की जान बचाई जा सकती थी। असल वे लाशों पर राजनीति की रणनीति बना रहे थे। पूरा खाका उनके दिमाग में खिंच चुका था।'[५]

'मुन्नी मोबाइल' उपन्यास में सांप्रदायिकता की चरम सीमा देखने को मिलती है। गुजरात जलाने की योजना पहले ही बनाई जा चुकी थी। दंगाइयों को बस एक बहाना चाहिए था, अतः साबरमती एक्सप्रेस को चुना गया और मरने के लिए गरीब लोगों को मुफ्त यात्रा दर्शन के लिए ले जाया गया। आदमी धार्मिक उन्माद में कितना अंधा हो सकता है, कितना गिर सकता है, इसका अनुमान इसीसे लगाया जा सकता है कि मुसलमानों का नरसंहार करने के लिए हिंदू ब्रिगेड ने अपने ही समुदाय के गरीब लोगों को अपने हाथों जलाया। प्रदीप जी लिखते हैं, 'पोस्टमार्टम के बाद लाशों को उनके परिवारों को सौंपने का सिलसिला शुरू हुआ। अहमदाबाद के बाहरी इलाके रामोल के जनता नगर के लगभग एक दर्जन कारसेवक वहाँ थे। सभी गरीब परिवार से थे। बताते हैं कि मरने वाले घूमने फिरने की गरज से अयोध्या गए थे। 'विश्व हिंदू परिषद' वाले उन्हें मुफ्त यात्रा के नाम पर पटा कर ले गये थे। अन्य मरने वाले भी निम्न मध्यवर्ग के ही थे। ....अयोध्या गए लोगों में अहमदाबाद के संभ्रान्त इलाकों नवरंगपुरा और सेटेलाइट आदि से कोई नहीं था।'[६]

संप्रदायिक दंगों को रोकने की, पीडितों की सहायता करने की ज़िम्मेदारी पुलिस की होती है। पुलिस कई बार अपनी जान पर खेलकर लोगों की रक्षा भी करती है। लेकिन देश में अक्सर सांप्रदायिक दंगों के समय पुलिस की भूमिका संदेहास्पद रही है। तभी तो लगातार दो महीनों-तीन महीनों तक गुजरात में नरसंहार होता रहा है। गुजरात पुलिस ने नरसंहार रोकने की बजाए दंगाइयों की मदद करती रही और इसको सारी दुनिया ने देखा और उस समय गुजरात के गृहमंत्री नरेंद्र मोदी थे और गृहराज्य मंत्री अमित शाह। प्रदीप

सौरभ जी ने उपन्यास में गुजरात पुलिस सच्चाई बयान कर दी, 'पुलिस बल के संघीकरण के चलते दंगाइयों की सुरक्षा में वे तैनात हो गये थे। मुसलमानों को उनके घरों में कैद कर दिया गया था। खिड़की से सिर निकालते ही सेल दाग दिये जाते। दूध-पानी और राशन जैसी सुविधाओं से वे महरूम हो गये थे। हिंदू इलाकों में कर्फ्यू के बाद भी जनजीवन सामान्य था। मैकडॉनाल्ड्स, डॉमिनो, यूएस पिज्जास और मल्टीप्लेक्सों में देर रात तक लोग मौजमस्ती में जुटे थे।'[७]

'मोदी सरकार ने दंगों की स्क्रिप्ट लिख ली थी। पुलिस द्वारा दंगाइयों को खुली छूट देना तय हो चुका था। खून का बदला खून। दंगाई मुस्लिम बस्तियों में पुलिस के नेतृत्व में पहुँचने लगे। हमले पर हमले। लाशें जमीन पर बिछने लगीं। गुजरात की फिज़ा में लाशों की दुर्गंध तैरने लगी। .....गुलबर्ग सोसायटी आग के हवाले कर दी गई। .....पैंतालिस लोग मारे गए। नरोडा-पाटिया में दंगाइयों ने बस्ती को दोनों ओर से घेर कर आग लगा दी। करीब सौ लोगों का वहीं कब्रिस्तान बन गया। वडोदरा में बेस्ट बेकरी की भट्टी में बेकरी के मालिक के पूरे परिवार को झोंक दिया गया। .....पचमहल जिले में पाण्डरवाडा में बिलकीस बानों के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया। सरदारपुरा की कहानी में भी तीस लोग ज़िन्दा दफन कर दिये गये। . .....दंगाइयों की रणनीति से लग रहा था कि गोधरा अग्निकाण्ड न भी होता, तो भी गुजरात में दंगो की भूमिका तैयार थी। दंगाई वोटरलिस्ट लेकर मुसलमानों के घरों पर हमला कर रहे थे। .....गुजरात में मुसलमान होना गाली बन गया था। मुसलमान पाकिस्तानी हो गये थे और हिंदू राजा हिन्दुस्तानी। एक देश में दो देश। खास तरह की दाढ़ी और टोपी किसी की भी मौत का सबब बन सकती थी।'[८]

गुजरात नरसंहार के दौरान स्वास्थ्य सेवाएँ भी सांप्रदायिक आधार पर बंट गईं थीं। घायलों के साथ आने वालों को भी नहीं बख्शा जा रहा था।[९] सरकारी मदद भी मुस्लीम इलाकों में नहीं पहुँच रही थी।[१०]

हज़ारों लोग राहत शिबीरों में रहने को विवश थे, अहमदाबाद, शाहआलम की मज़ार। यहाँ भी भेदभाव अपनी चरम सीमा पर था। सब ओर अव्यवस्था ही अव्यवस्था। बावजूद इसके लोग अपने घरों को लौटना नहीं चाह रहे थे। राहत शिबीरों में रह रहे लोगों की कहानियाँ दिल दहला देने वाली थीं। आनंद भारती जब पहली बार इस शिबीर में पहुँचे तो चीख-चिल्लाहट ने उनके कान के पर्दे फाड़ दिये। शाहआलम के दृश्य कड़वी सच्चाई थे। वे किसी हॉरर फिल्म के दृश्य नहीं थे। ये सब धर्म के नाम पर गांधी की जन्मस्थली गुजरात में सताये गये लोग थे। मारा तो मारा। काटा तो काटा। जलाया तो तड़पने न दिया। गुजरात के दंगों पर बनने वाली डॉक्यूमेंट्र की स्क्रिप्ट इस शिबीर में कहीं से भी शुरू की जा सकती थी। दास्तान सबकी एक जैसी। कायराना और क्रूरतम। अमानवीय और शर्मनाक।[११]

हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार असगर वजाहत जी ने अपने लघु कथा संग्रह 'शाह आलम कैम्प की रूहें' की एक कहानी में लिखा है कि गुजरात नरसंहार और राहत शिबीरों की दशा देखकर स्वयं शैतान भी शर्मिंदा हो गया, वह लोगों से नज़रें बचाकर शिबीर में आता है और पकड़े जाने पर कहता है, इसमें मेरा हाथ नहीं है।

गुजरात नरसंहार के दौरान अफवाहें फैलाने में दंगाइयों से बड़ी भूमिका गुजरात के स्थानीय मीडिया की थी। गुजराती 'लोक समाचार' और 'जनसंदेश' में प्रतिस्पर्धा थी। हिन्दू ब्रिगेड के मुखपत्र बन गये थे ये अख़बार। जबकि राष्ट्रीय अखबार मोदी के कारनामों का खुलासा कर रहे थे।[१२]

गुजरात नरसंहार के दौरान इंसानियत के पक्ष में भी पहल हुई। कई हिंदू लोगों ने मुसलमानों की रक्षा की, राहत शिबीरों में मदद पहुँचाई। राष्ट्रीय स्तर के मीडिया ने मोदी के काले कारनामों पर खूब लिखा।

Late Babasaheb Deshmukh Gorthekar Arts, Commerce & Science Mahavidyalaya, Umri, Dist. Nanded
UMRI Pin-431807 Maharashtra

तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी शिवीरों में लोगों की दुरावस्था देखकर व्यथित हुए ओर मोदी को राजधर्म का पालन करने की सूचना की।

सन् २०१४ के आम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने नरेंद्र मोदी को एक ओर विकास पुरूष के रूप में चित्रित किया और इसके लिए गुजरात मॉडल का उदाहरण दिया गया। दूसरी ओर देश में ओ.बी.सी. मतदाताओं की संख्या को देखते हुए उन्हें ओ.बी.सी. के रूप में प्रचारित किया। देश की भोली-भाली जनता भारतीय जनता पार्टी के झाँसे में आ गयी और पार्टी को भारी बहुमत (कुछ विद्वानों ने जिसे राक्षसी बहुमत की संज्ञा दी।)से दिल्ली के तख्त पर बैठाया। आज साढ़े चार साल बीत गए किंतु नरेंद्र मोदी सरकार ने जनता को दिया एक भी वादा पूरा नहीं किया। इसके विपरित इस दौरान हिंदू ब्रिगेड को खुली छूट दी गई और भीड़ द्वारा देश के अल्पसंख्यक समुदाय को, विशेषतः मुस्लीम समुदाय को निशाना बनाया गया। नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी की खिलाफ बोलने को देशद्रोह जैसा समझा जाने लगा, देश में एक तरह का अघोषित अपातकाल लगाा दिया गया। किंतु आज जब उन्हें अपनी पराजय सामने दिखाई देने लगी, तो अचानक भगवान राम याद आ गए। लोकसभा के चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी और उसके सभी सहयोगी हिंदू संगठन सारे देश में भगवान राम के नाम पर ध्रुवीकरण की प्रक्रिया में जुट गए, किंतु देश की सद्भाव, आपसी भाईचारा एवं देश की उन्नति में आस्था रखने वाली जनता उनके ध्रुवीकरण के, सांप्रदायिक आधार पर देश को बाँटने के घिनौने सपने को साकार होने नहीं देगी।

निष्कर्षतः

कहा जा सकता 'मुन्नी मोबाइल' उपन्यास कई दृष्टियों से विशेष है। उपन्यास का शीर्षक ही नहीं, उसका कथ्य, शिल्प सबकुछ अनूठा एवं अद्भूत है। प्रस्तुत उपन्यास को केवल पाठकों ने ही नहीं, अपितु विद्वत जनों ने भी सराहा है। सुप्रसिद्ध आलोचक सुधीश पचौरी के शब्दों में- ' 'मुन्नी मोबाइल' एकदम नई काट का, एक दुर्लभ प्रयोग है। प्रचारित जादुई तमाशों से अलग, ज़मीनी, धड़कता हुआ, आसपास का और फिर भी इतना नवीन कि लगे आप इसे उतना नहीं जानते थे। इसमें डायरी, रिपोर्टिंग, कहानी की विधाएँ मिक्स होकर ऐसे वृत्तांत का रूप ले लेती हैं, जिसमें समकालीन उपद्रवित, अति उलझे हुए उस रौरव यथार्थ का चित्रण है।'[१३]

संदर्भ :-

१. वाणी प्रकाशन समाचार, (जनवरी २०१०, अंक : ३२, पृ. २३)
२. वाणी प्रकाशन समाचार, (जनवरी २०१०, अंक : ३२, पृ. २३)
३. प्रदीप सौरभ, मुन्नी मोबाइल, (उपन्यास, पृ. ३८)
४. प्रदीप सौरभ, मुन्नी मोबाइल, (उपन्यास, पृ. २१-२२)
५. प्रदीप सौरभ, मुन्नी मोबाइल, (उपन्यास, पृ. २५)
६. प्रदीप सौरभ, मुन्नी मोबाइल, (उपन्यास, पृ. २५-२६)
७. प्रदीप सौरभ, मुन्नी मोबाइल, (उपन्यास, पृ. २६)
८. प्रदीप सौरभ, मुन्नी मोबाइल, (उपन्यास, पृ. २९-३०)
९. प्रदीप सौरभ, मुन्नी मोबाइल, (उपन्यास, पृ. २७)
१०. प्रदीप सौरभ, मुन्नी मोबाइल, (उपन्यास, पृ. २७)
११. प्रदीप सौरभ, मुन्नी मोबाइल, (उपन्यास, पृ. ३३-३४)
१२. प्रदीप सौरभ, मुन्नी मोबाइल, (उपन्यास, पृ. ३०)
१३. प्रदीप सौरभ, मुन्नी मोबाइल, (उपन्यास, आवरण पृष्ठ से)

Principal
Late. Babasuheb Deshmukh Gorthekar Arts, Commerce & Science Mahavidyalaya Umri. Dist. Nanded. [M.S

UMRI
Pin-431807
(Maharashtra)

ISSN: 2249-894X

REVIEW OF RESEARCH

UGC APPROVED

International Online Multidisciplinary Journal

Volume - 8 | Issue - 1 | October

Impact Factor : 5.7631(UIF)

2.2.1
9

दूरदर्शन पर रित विज्ञापन और ज



डॉ. ज़हीरूद्दिन र. पठान

अध्यक्ष, हिंदी विभाग, कै. बाबासाहेब देशमुख गोरठेकर महाविद्यालय, उमरी। ज़ि. नांदेड.

डॉ. ज़हीरूद्दिन र. प

प्रस्तावना : वर्तमान युग वैश्वीकरण, उदारीकरण और निजीकरण का युग है। इन तीन संज्ञाओं ने सारे सं की सूरत को ही बदल डाला है। वैश्वीकरण ने पूरे विश्व को एक गाँव .....

Editor - In - Chief - Ashok Yakkaldevi

UMRI
Pin-431807
(Maharashtra)

International Online Multidisciplinary Journal

Review of Research

Save Tree, Save Paper, Save World

ISSN NO:- 2249-894X Impact Factor : 5.7631(UIF) Vol.- 8, Issue - 1, October-2018



Sr. No.	Title and Name of The Author (S)	Page No.
1	अफगाणिस्तान चे भूराजकीय व भूसामरिक महत्व व भारत - अफगाण ऐतिहासिक संबध प्रा. प्रशांत सराफ , प्राचार्य. डॉ. व्ही. वाय. जाधव	1
2	दूरदर्शन पर प्रसारित विज्ञापन और समाज डॉ. ज़हीरूद्दिन र. पठान	5
3	"उच्चतर माध्यमिक स्तर पर विद्यालयी वातावरण में छात्र छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि का तुलनात्मक अध्ययन"। सन्तोश डबराल , डॉ. डी.एस.गड़िया	9
4	प्राचीन खानदेशातील आभीर किंवा आहिर घराणे. डॉ. एच. आर. चौधरी , प्रा. एच. बी. सरतापे	15
5	स्त्री आणि स्त्रीवाद : एक दृष्टिक्षेप प्रा. करूणा व. डहाके	19
6	आंतरराष्ट्रीय संबंध आणि जागतिक संघटना प्रा.डॉ.देविदास ग्यानुजी नरवाडे	23
7	महात्मा गाँधी की दृष्टि में स्त्री–सशक्तीकरण का नया आयाम शशिकान्त मिश्र	27
8	छ. शिवाजी महाराजांच्या स्वराज्यकार्यात भाळवणीच्या सदोजी निंबाळकरांचे योगदान प्रा डॉ. स्वाती शिवाजी घाटुळे	31

REVIEW OF RESEARCH
IMPACT FACTOR : 5.7631(UIF)
UGC APPROVED JOURNAL NO. 48514
ISSN: 2249-894X
VOLUME - 8 | ISSUE - 1 | OCTOBER - 2018

Late Babasaheb Deshmukh Gorthekar Mahavidyalaya, Umri
UMRI
Pin-431807
(Maharashtra)

दूरदर्शन पर प्रसारित विज्ञापन और समाज

डॉ. ज़हीरूद्दिन र. पठान
अध्यक्ष, हिंदी विभाग, कै. बाबासाहेब देशमुख गोरठेकर महाविद्यालय, उमरी।
ज़ि. नांदेड.

प्रस्तावना :

वर्तमान युग वैश्वीकरण, उदारीकरण और निजीकरण का युग है। इन तीन सँज्ञाओं ने सारे संसार की सूरत को ही बदल डाला है। वैश्वीकरण ने पूरे विश्व को एक गाँव (GLOBAL VILLAGE) बना दिया है। उदारीकरण ने विभिन्न देशों में आपसी व्यापार, उद्योग एवं व्यवसाय हेतु कानूनी प्रतिबंधों को शिथिल करने के साथ–साथ विभिन्न करों एवं शुल्कों में भारी कटौती कर दी है, तो निजीकरण ने उद्योग, व्यापार तथा सेवा आदि क्षेत्रों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करते हुए निजी क्षेत्र को बाजारी शक्तियों के सहारे छोड़ दिया है। फलस्वरूप बाजारतंत्र और उपभोक्ताअवदी संस्कृति का उदय हुआ, जिसने व्यापार, उद्योग एवं व्यवसाय के क्षेत्र में तीव्र प्रतिस्पर्धा को जन्म दिया है।

बाजार को अपने वश में करने, अपनी वस्तु को अधिक से अधिक घरों में पहुँचाने तथा अन्य कंपनी के उत्पाद को बाजार से खदेड़ने हेतु बहुराष्ट्रीय कंपनियों में आज गला–काट स्पर्धा शुरू हो गई है। इसके लिए एक प्रभावी एवं शक्तिशाली माध्यम के तौर पर विज्ञापन का इस्तेमाल किया जा रहा है। यही कारण है कि वर्तमान युग को **'विज्ञापन युग'** भी कहा जाने लगा है। वस्तुतः विज्ञापन जनसंपर्क का एक ऐसा शक्तिशाली साधन है, जिसके माध्यम से उत्पादित वस्तु के बारे में प्रभावी सूचना द्वारा उपभोक्ता के मन में विश्वास पैदा कर उसके क्रय हेतु उन्हें व्यापक पैमाने पर प्रेरित किया जाता है।

आज के उपभोक्तावादी परिवेश में विज्ञापन उद्योग, व्यापार एवं सेवा आदि क्षेत्रों के साथ ही समाज, संस्कृति, राजनीति, निजी आदि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को प्रभावित कर रहा है। यही नहीं विज्ञापन आज एक स्वतंत्र एवं अलग व्यवसाय के रूप में स्थापित हो चुका है और पूरी दुनिया में कई एजंसियाँ तथा कंपनियाँ विज्ञापन निर्माण के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। वस्तुतः विज्ञापन एक कला है, जो लेखन, संगीत, चित्र, अभिनय, शिल्प आदि का सम्मिलित रूप होता है। विज्ञापन कला, विज्ञान और व्यवसाय का सुंदर समन्वय है। इसके द्वारा उपभोक्ताओं का ध्यान आकर्षित कर वस्तु की विक्री में वृद्धि की जाती है। उपभोक्ता की इच्छा को क्रय शक्ति में परिवर्तित करने का कार्य विज्ञापन करता है। अतः उपभोक्ता समाज की अभिरूचि में परिवर्तन के साथ विज्ञापन का स्वरूप भी परिवर्तित होता जाता है।

जन–संचार के विभिन्न माध्यमों द्वारा विज्ञापन प्रसारित

किए जाते हैं, जिनमें आकाशवाणी, दूरदर्शन, समाचार पत्र, इंटरनेट, पोस्टर, बॅनर, पैंपलेट आदि का समावेश होता है। अन्य सभी जन–संचार माध्यमों की तुलना में दूरदर्शन विज्ञापनों के प्रचार–प्रसार का अत्यंत सशक्त एवं प्रभावी माध्यम है, जिसमें लेखन, संगीत, अभिनय, चलचित्र आदि की मदद से एक व्यापक प्रभाव बनाया जा सकता है। आज भारत देश एक बहुत बड़े बाज़ार के रूप में उभरकर आया है और सारी दुनिया की नज़रें हमारे बाज़ार पर टिकी हुई हैं। भारत में उत्पाद को बेचना है तो हिंदी में उसका विज्ञापन ज़रूरी हो जाता है। इसीलिए आज हज़ारों–लाखों उत्पादों के मनभावन हिंदी विज्ञापन दूरदर्शन के विभिन्न चैनलों पर दिखाए जाते हैं।

आज दूरदर्शन देश के कोने–कोने में, घर–घर में पहुँच गया है। दूरदर्शन देखने वालों की संख्या भी बहुत अधिक है। अतः दूरदर्शन पर प्रसारित विज्ञापन अपने लक्ष्य में काफी हद तक सफल हो रहे हैं। सुबह जागने के बाद से रात में सोने के समय तक उपयोग में आने वाली हर चीज़ व्यक्ति विज्ञापन देख–देख कर ही खरीद रहा है। वैसे दूरदर्शन पर अनेक प्रकार के विज्ञापन प्रसारित किए जाते हैं, जैसे– **व्यावसायिक विज्ञापन** (वस्तुओं संबंधी), **सरकारी विज्ञापन** (सरकार तथा उसके विभिन्न विभागों द्वारा राष्ट्रहित एवं जनहित में दिए जाने वाले विज्ञापन, जैसे– पल्स पोलिओ, आयकर आदि), **समाजसेवी संस्थाओं के विज्ञापन** और **निजी विज्ञापन**।

प्रस्तुत आलेख में मैं दूरदर्शन पर प्रसारित हिंदी के कुछ ऐसे विज्ञापनों पर एक दृष्टिपात करना चाहता हूँ, जिन्होंने पिछले दिनों लोगों को, समाज को बहुत अधिक आकर्षित किया है, प्रभावित किया है और एक स्वस्थ समाज के निर्माण में अपना योगदान दिया है। वैसे आजकल उत्पाद कंपनियाँ अपने लाभ को केंद्र में रखकर विज्ञापन के नाम पर लोगों के सामने अश्लीलता, हिंसा, अतिशयोक्ति एवं झूठ को परोसने का कार्य कर रही हैं। दूरदर्शन पर प्रसारित विज्ञापनों ने अश्लीलता की सारी हदें पार कर दी हैं। आज हर एक विज्ञापन में स्त्री को पेश किया जा रहा है, चाहे वहाँ उसका औचित्य हो या न हो। शेविंग क्रीम, साबुन, डिवो, कोल्ड ड्रींक्स आदि। हिंसा भी विज्ञापनों का आज अनिवार्य अंग बन गयां है। अतिशयोक्ति एवं झूठ तो आज विज्ञापनों की रग–रग में बसी हुई है। सुबह के टूथपेस्ट से लेकर साबुन, शॅम्पू; बालों में लगाने वाले तेल, चेहरे को लगाए जाने वाली फेयरनेस क्रीमें तथा अन्य सौंदर्य प्रसाधन, खाने और पीने की चीज़ें, ईलेक्ट्रोनिक वस्तुएँ, घर की ज़रूरत की चीज़ें आदि। विशेष बात तो यह है कि आज कई चैनल ऐसे हैं, जो केवल विज्ञापन को समर्पित हैं, जैसे– नापतोल, होम शॉप, एचमार्ट, सीसीसी, शॉप डायरेक्ट, शॉप सीजे, एशियन टेलिशॉप आदि। कई चैनल तो इस आधुनिक युग में भी धार्मिक विश्वास के नाम पर लोगों में अंधविश्वासों को फैलाने का कार्य कर रहे हैं और लाभवर्धक, संपत्तिवर्धक, स्वास्थ्यवर्धक यंत्र बेच रहे हैं। तात्पर्य आज विज्ञापन का उद्देश्य शुद्ध लाभ कमाना हो गया, अतः समाज से, नैतिकता से इनका दूर–दूर तक कोई संबंध नहीं। इसके विपरित विज्ञापन समाज के स्वास्थ्य को बिगाड़ने का ही कार्य कर रहे हैं।

विज्ञापन की दुनिया में वर्तमान समय को सामाजिक और नैतिक दृष्टि से घोर अंधकार का युग कहा जा सकता है। ऐसे समय में भी कुछ विज्ञापन अपने व्यावसायिक हेतु को ध्यान में रखते हुए भी विभिन्न विषयों पर जैसे– राष्ट्रीय एकात्मता, भ्रष्टाचार का विरोध, पर्यावरण संवर्धन, समाज–सुधार, कानून की जानकारी आदि, जन–जागरण का एक व्यापक, पवित्र एवं महान कार्य अंजाम दे रहे हैं।

आयडिया सेल्युलर कंपनी के विज्ञापनों ने पिछले दिनों सर्वाधिक प्रभावित किया है। इस कंपनी ने अपने विज्ञापनों के द्वारा लोगों तक एक–से–बढ़कर–एक संदेश पहुँचाए। **'व्हाट एन**

Late Babasaheb Deshmukh Gorhekar Mahavidyalaya UMRI Pin-431807 (Maharashtra)

आयडिया सर जी' शीर्षक से इन विज्ञापनों ने कल्पकता, नवीनता, आकर्षकता और साथ ही सामाजिक प्रतिबद्धता के नए प्रतिमान स्थापित किए। एक विज्ञापन में यह दिखाया गया है कि, **"आज के बाद कोई नाम से नहीं जाना जाएगा"** न व्यक्ति, न शहर, न मुहल्ला और न कोई मार्ग। अब सभी केवल मोबाइल के नंबर से जाने जाएँगे। सांप्रदायिकता, जातिवाद हमारे देश की एक प्रमुख एवं जटिल समस्या है। आज़ादी के बाद से लेकर आज तक देश इस समस्या से लगातार जूझ रहा है। इस विज्ञापन के माध्यम से इस गंभीर समस्या की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया गया और जातिगत, सांप्रदायिक, धार्मिक, प्रादेशिक और भाषाई भेदभाव को मिटाकर राष्ट्रीय एकात्मता स्थापित करने का महान संदेश दिया गया है। **"बोलने के लिए भाशा की आव□यकता नहीं है।"** इस विज्ञापन के द्वारा हमारे बहुभाषिक संस्कृति वाले देश की गरिमा को उद्घाटित कर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया है।

आयडिया का **"तुम कौनसे पेड़ हो, पोस्टपेड़ या प्रीपेड़।"** यह विज्ञापन भी अपने आपमें एक महान संदेश लिए हुए है। **'दुनिया नहीं बचेगी, अगर पेड़ नहीं बचेंगे और पेड़ नहीं बचेंगे अदि पेपर नहीं बचायेंगे।'** आज पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग की चपेट में आ गई है। इसने मानव के अस्तित्व का ही संकट खड़ा कर दिया है। बढ़ती हुई जनसंख्या, कल–कारखाने, मोटार गाड़ियाँ आदि के चलते पहले ही पृथ्वी प्रदूषण की समस्या से जूझ रही है और उपर से वनों की, पेड़ों की कटाई ने पर्यावरण का संतुलन ही बिगाड़ कर रख दिया। इस विज्ञापन के माध्यम से पेपरलेस होने का और उसके लिए होने वाली पेड़ों की कटाई रोकने का तथा उसके ज़रिए से पर्यावरण संरक्षण का, संसार को बचाने का संदेश दिया गया है।

टाटा चाय के विभिन्न विज्ञापनों ने भी व्यावसायिक हितों के साथ–साथ अपने सामाजिक एवं राष्ट्रीय दायित्वों को भली–भाँति निभाया है और आवश्यकता एवं प्रसंगानुरूप अलग–अलग विषयों पर जनता को साक्षर करने तथा ज़गाने का कार्य किया है। उसका मूलमंत्र ही है, 'हर सुबह उठो नहीं, जागो।' चुनाव के समय उन्होंने चुनाव लड़.रहे नेताओं से उनकी पात्रता के बारे में प्रश्न पूछकर उन्हें परेशान किया। वास्तव में देश की एक बहुत बड़ी शोकांतिका है कि यहाँ किसी को चपरासी की नौकरी भी दी जाती है तो उसके लिए कम–से–कम दसवीं कक्षा पास की पात्रता रखी गई है और उपर से उसकी परीक्षा ली जाती है, किंतु देश की बागडोर जिनके हाथ में है, जो देश चलाने जा रहे हैं उनकी पात्रता नहीं देखी जाती है। यही वजह है कि आज देश की स्थिति **'अंधेर नगरी चौपट राजा, टके सेर भाजी, टके सेर खाजा।'** वाली हो गई है। सर्वत्र अंधकार का साम्राज्य फैला हुआ है।

टाटा चाय के एक विज्ञापन ने मतदान के प्रति निरूत्साही युवा पीढ़ी के भी कान खींचे हैं। हमारे संविधान ने हर एक नागरिक को मतदान का अधिकार देकर अपनी पसंद की सरकार चुनने और उसे बदलने का भी बहुत बड़ा शस्त्र दिया है, किंतु हमारी युवा पीढ़ी, विशेषतः शिक्षित युवा वर्ग देश के प्रति, देश की समस्याओं के प्रति उदासीन नज़र आ रहा है। यह किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए अशुभ संकेत है।

भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी देश की एक गंभीर समस्या है, जिसने देश की पूरी व्यवस्था को अंदर–ही–अंदर दीमक की तरह खाकर खोखला कर दिया है। आज इसमें कुछ सुधार अवश्य हुआ है, लेकिन देश अब भी पूरी तरह से इस समस्या से मुक्त नहीं हुआ है। रिश्वतखोर अफसरों की पोल खोलने का काम भी टाटा चाय के विज्ञापनों ने किया है।

ब्हुत पहले किसी प्लायवुड कंपनी का एक विज्ञापन दूरद्दर्शन पर दिखाया जाता था, शायद किटप्लाय का होगा। विज्ञापन में न्यायालय का दृश्य दिखाया गया था। न्यायालय की हर चीज़

किए जाते हैं, जिनमें आकाशवाणी, दूरदर्शन, समाचार पत्र, इंटरनेट, पोस्टर, बॅनर, पैंपलेट आदि का समावेश होता है। अन्य सभी जन–संचार माध्यमों की तुलना में दूरदर्शन विज्ञापनों के प्रचार–प्रसार का अत्यंत सशक्त एवं प्रभावी माध्यम है, जिसमें लेखन, संगीत, अभिनय, चलचित्र आदि की मदद से एक व्यापक प्रभाव बनाया जा सकता है। आज भारत देश एक बहुत बड़े बाज़ार के रूप में उभरकर आया है और सारी दुनिया की नज़रें हमारे बाज़ार पर टिकी हुई हैं। भारत में उत्पाद को बेचना है तो हिंदी में उसका विज्ञापन ज़रूरी हो जाता है। इसीलिए आज हज़ारों–लाखों उत्पादों के मनभावन हिंदी विज्ञापन दूरदर्शन के विभिन्न चैनलों पर दिखाए जाते हैं।

आज दूरदर्शन देश के कोने–कोने में, घर–घर में पहुँच गया है। दूरदर्शन देखने वालों की संख्या भी बहुत अधिक है। अतः दूरदर्शन पर प्रसारित विज्ञापन अपने लक्ष्य में काफी हद तक सफल हो रहे हैं। सुबह जागने के बाद से रात में सोने के समय तक उपयोग में आने वाली हर चीज़ व्यक्ति विज्ञापन देख–देख कर ही खरीद रहा है। वैसे दूरदर्शन पर अनेक प्रकार के विज्ञापन प्रसारित किए जाते हैं, जैसे– **व्यावसायिक विज्ञापन** (वस्तुओं संबंधी), **सरकारी विज्ञापन** (सरकार तथा उसके विभिन्न विभागों द्वारा राष्ट्रहित एवं जनहित में दिए जाने वाले विज्ञापन, जैसे– पल्स पोलिओ, आयकर आदि), **समाजसेवी संस्थाओं के विज्ञापन** और **निजी विज्ञापन**।

प्रस्तुत आलेख में मैं दूरदर्शन पर प्रसारित हिंदी के कुछ ऐसे विज्ञापनों पर एक दृष्टिपात करना चाहता हूँ, जिन्होंने पिछले दिनों लोगों को, समाज को बहुत अधिक आकर्षित किया है, प्रभावित किया है और एक स्वस्थ समाज के निर्माण में अपना योगदान दिया है। वैसे आजकल उत्पाद कंपनियाँ अपने लाभ को केंद्र में रखकर विज्ञापन के नाम पर लोगों के सामने अश्लीलता, हिंसा, अतिशयोक्ति एवं झूठ को परोसने का कार्य कर रही हैं। दूरदर्शन पर प्रसारित विज्ञापनों ने अश्लीलता की सारी हदें पार कर दी हैं। आज हर एक विज्ञापन में स्त्री को पेश किया जा रहा है, चाहे वहाँ उसका औचित्य हो या न हो। शेविंग क्रीम, साबुन, डिवो, कोल्ड ड्रींक्स आदि। हिंसा भी विज्ञापनों का आज अनिवार्य अंग बन गयां है। अतिशयोक्ति एवं झूठ तो आज विज्ञापनों की रग–रग में बसी हुई है। सुबह के टूथपेस्ट से लेकर साबुन, शॅम्पू, बालों में लगाने वाले तेल, चेहरे को लगाए जाने वाली फेयरनेस क्रीमें तथा अन्य सौंदर्य प्रसाधन, खाने और पीने की चीज़ें, ईलेक्ट्रोनिक वस्तुएँ, घर की ज़रूरत की चीज़ें आदि। विशेष बात तो यह है कि आज कई चैनल ऐसे हैं, जो केवल विज्ञापन को समर्पित हैं, जैसे– नापतोल, होम शॉप, एचमार्ट, सीसीसी, शॉप डायरेक्ट, शॉप सीजे, एशियन टेलिशॉप आदि। कई चैनल तो इस आधुनिक युग में भी धार्मिक विश्वास के नाम पर लोगों में अंधविश्वासों को फैलाने का कार्य कर रहे हैं और लाभवर्धक, संपत्तिवर्धक, स्वास्थ्यवर्धक यंत्र बेच रहे हैं। तात्पर्य आज विज्ञापन का उद्देश्य शुद्ध लाभ कमाना हो गया, अतः समाज से, नैतिकता से इनका दूर–दूर तक कोई संबंध नहीं। इसके विपरित विज्ञापन समाज के स्वास्थ्य को बिगाड़ने का ही कार्य कर रहे हैं।

विज्ञापन की दुनिया में वर्तमान समय को सामाजिक और नैतिक दृष्टि से घोर अंधकार का युग कहा जा सकता है। ऐसे समय में भी कुछ विज्ञापन अपने व्यावसायिक हेतु को ध्यान में रखते हुए भी विभिन्न विषयों पर जैसे– राष्ट्रीय एकात्मता, भ्रष्टाचार का विरोध, पर्यावरण संवर्धन, समाज–सुधार, कानून की जानकारी आदि, जन–जागरण का एक व्यापक, पवित्र एवं महान कार्य अंजाम दे रहे हैं।

आयडिया सेल्युलर कंपनी के विज्ञापनों ने पिछले दिनों सर्वाधिक प्रभावित किया है। इस कंपनी ने अपने विज्ञापनों के द्वारा लोगों तक एक–से–बढ़कर–एक संदेश पहुँचाए। **'व्हाट एन**

Late Babasaheb Deshmukh UMRI Pin-431807 (Maharashtra)

